प्रैसनोट

कार्यालय महानिदेशक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय जयपुर

एसीबी ने अनुभाग अधिकारी के आवास पर की सर्च कार्रवाई

जयपुर 23 अगस्त 2019।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय की तकनीकी एवं इंटेलिजेंस सूचना के आधार पर शासन सचिवालय जयपुर में गृह ग्रुप -11 में पदस्थापित अनुभाग अधिकारी राकेश कुमार मीणा द्वारा पद के दुरुपयोग करते हुए भ्रष्टाचार करने के संबंध में आज एसीबी मुख्यालय की टीम द्वारा उसके जयपुर स्थित निवास पर सर्च कार्रवाई की गई।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक श्री आलोक त्रिपाठी ने बताया कि एसीबी को यह सूचना मिली कि अनुभाग अधिकारी राकेश कुमार मीणा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अन्य अनैतिक तरीके से भ्रष्टाचार के कार्य कर रहे हैं जिसमें वह जिन पुलिस अधिकारियों को सरकार द्वारा 16 सीसी का नोटिस मिलता था उन्हें राज्यपाल के यहां अपील करवाकर उनकी मदद करने में रुपए ले रहा है एवं अनुभाग अधिकारी द्वारा रेलवे व टीचर जैसी भर्तियों में रुपए लेकर लोगों को फर्जी तरीके से पास करवा रहे हैं

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिरीक्षक श्री दिनेश एमएन के निर्देशन में आज एसीबी की टीम द्वारा अनुभाग अधिकारी के निवास पर सर्च की गई। सर्च में अनुभाग अधिकारी की निवास से पुलिस अधिकारियों के 16 सीसी के नोटिस के संबंध में राज्यपाल की यहां अपील से संबंधित फाइलें मिली एवं रेलवे एवं टीचर जैसी भर्तियों में बच्चों को पास करवाने की एवज में लिए गए प्रवेश पत्र,हस्ताक्षर युक्त 7-7 लाख रुपए के 15-16 ब्लैंक चेक मिले एवं हस्ताक्षर युक्त बच्चों से

लिए हुए खाली स्टांप पेपर भी सर्च में बरामद किए गए। सर्च में अनुभाग अधिकारी के निवास से विभिन्न स्थानों पर लिए गए भूखंडों के 17 पट्टे भी मिले जो अलग-अलग नामों से लिए हुए हैं जिनकी अनुसंधान की जा रही है।